सांध्य दैनिक

श्री राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com



वर्ष : 11 अंक : 250 | इंदौर, शुक्रवार 27 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ● अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो को मारी टक्कर

# पांच लोगों की मौत, चार गंभीर घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में शुक्रवार अलसुबह बड़ा हादसा हो गया। अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। चार लोगों की मौके पर तो एक की उपचार के दौरान मौत हुई है।**

जानकारी के मुताबिक हादसा शुक्रवार सुबह तीन बजे बस स्टैंड के पास हुआ। ग्वालियर के परशुराम चौराहे पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो (एमपी 21 जेड ई 5911) ने एक ऑटोरिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हैं। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। बताया जा रहा है कि एक परिवार शीतला माता मंदिर से ऑटो से लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे इतना भयानक था कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुए हैं, इनमें से चार की हालत खराब बताई जा रही है। घायलों में एक बच्चा भी शामिल है। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो नीम के पेड़ से टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, उसमें सवार यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चार लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। एक घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। चश्मदीद के मुताबिक स्कॉर्पियो ने बस स्टैंड पर एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी थी। उसके पीछे पुलिस लगी थी। भागते समय स्कॉर्पियो ने रास्ते में ऑटो को भी टक्कर मार दी। CSP अतुल कुमार सोनी ने बताया कि घटना में पांच लोगों की मृत्यु हो गई है और चार लोगों का इलाज चल रहा है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। वहीं स्कॉर्पियो चालक पुलिस हिरासत में है और उसका मेडिकल कराया जा रहा है।

## पीएम मोदी लगातार तीसरी बार दुनिया के सबसे पॉपुलर नेता बने



**नई दिल्ली।** अमेरिका की डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के मुताबिक, ग्लोबल सर्वे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 68% अप्रूवल रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे पॉपुलर नेता हैं। यह डेटा 2 से 8 मार्च 2026 के बीच जुटाया गया है और 7 दिन के औसत पर आधारित है। सर्वे के मुताबिक, स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ परमेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग 62% अप्रूवल के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 39% अप्रूवल के साथ टॉप-10 से बाहर हैं, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को 24% रेटिंग मिली। नरेंद्र मोदी मई 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। जुलाई 2025 की रिपोर्ट में भी वह 75% अप्रूवल के साथ पहले स्थान पर थे।

## किसानों और श्रमिकों को बड़ी सौगात

### सीएम मोहन यादव बोले-

# किसानों सहित सभी वर्गों का कल्याण हमारा ध्येय




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले को 500 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 105 विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य किसानों, श्रमिकों और सभी वर्गों का समग्र विकास करना है। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश के 7008 श्रमिकों के खातों में संबल योजना के तहत 157 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को 463 करोड़ रुपए की राशि भी अंतरित की गई।**

### छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नया भवन बनेगा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तामिया-जुन्नारदेव मार्ग, नल-जल योजना, पुलिस आवास, स्कूल भवन और छात्रावास सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के नए भवन निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए उन्हें कृषि के साथ पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है।

### सरकार की गिनाई उपलब्धियां

उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसानों को सालाना 12 हजार रुपए की सम्मान निधि और लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सहायता दी जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री ने महाअष्टमी के अवसर पर कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न हितग्राहियों को लाभ वितरण भी किया गया।

## भारत और वेस्टइंडीज की टीमें भिड़ेंगी...

# होलकर स्टेडियम में होगा टी-20 मैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। होलकर स्टेडियम में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रोमांच लौटने वाला है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने गुरुवार को आगामी 2026-27 के घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस नए शेड्यूल के मुताबिक, 11 अक्टूबर को इंदौर के मैदान पर भारत और वेस्टइंडीज के बीच एक हाई-वोल्टेज टी-20 मुकाबला खेला जाएगा।**

भारतीय क्रिकेट के आगामी घरेलू सीजन में प्रशंसकों को जबरदस्त एक्शन देखने को मिलेगा। इस दौरान कुल चार अंतरराष्ट्रीय टीमें भारत का दौरा करेंगी, जिनमें वेस्टइंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। ये टीमें भारत में आकर अलग-अलग फॉर्मेट की सीरीज खेलेंगी। बीसीसीआई की योजना के अनुसार, इस पूरे सीजन में देश के 17 विभिन्न शहरों में कुल 22 अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन किया जाना तय हुआ है।



सीजन का आगाज वेस्टइंडीज के भारत आगमन के साथ होगा। कैरेबियाई टीम का यह दौरा 27 सितंबर 2026 से शुरू होने जा रहा है। दौरे की शुरुआत में दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज आयोजित की जाएगी, जिसके बाद पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज के मुकाबले तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी और न्यू चंडीगढ़ के स्टेडियमों में आयोजित होंगे, जबकि टी-20 सीरीज के मैच लखनऊ, रांची, इंदौर, हैदराबाद और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

### केवड़ेश्वर घाट का किया लोकार्पण

# सांवेर को पूर्ण रूप से सिंचित क्षेत्र बनाया जाएगा : मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश में सिंचाई का दायरा लगातार बढ़ रहा है और जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा आगामी वर्ष तक सांवेर क्षेत्र को पूर्ण रूप से सिंचित बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। यह बात जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को केवड़ेश्वर घाट के लोकार्पण अवसर पर कही।**



श्री सिलावट ने कहा कि साधु-संतों की उपस्थिति में किया गया प्रत्येक कार्य सफल होता है। पवित्र वातावरण में घाट का लोकार्पण होना क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, श्रवण सिंह चावड़ा, खंडेल गुफा आश्रम के संत दर्शन गिरी महाराज एवं केवड़ेश्वर आश्रम के संत धर्मेंद्र गिरि महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मां शिप्रा का विधिवत पूजन किया तथा भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। केवड़ेश्वर घाट के लोकार्पण के साथ ही यहां श्रद्धालुओं के लिए स्नान की समुचित व्यवस्था विकसित की जाएगी तथा घाट का सौंदर्यीकरण भी कराया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन यंत्री महेश परमार एवं अनुविभागीय अधिकारी गजेंद्र सिंह सिसोदिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानव अधिकारों का संरक्षण प्राथमिकता से करने के दिए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह गुरुवार को अल्प प्रवास पर इंदौर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रेसीडेंसी कोठी पर इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा के साथ लंबित शिकायतों के संबंध में समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये।

भागीरथपुरा की घटना पर अद्यतन स्थिति पर इंदौर कलेक्टर श्री वर्मा ने विस्तार से जानकारी के साथ वर्तमान में नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में पाइपलाइन बदलने आदि के कार्य प्रगति से अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष डॉ. सिंह ने निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए ताकि भविष्य में लीकेज या अन्य किसी प्रकार की समस्या न हो और आमजन को बेहतर सुविधा मिल सके, साथ ही कार्यवाही प्रतिवेदन आयोग को भेजा जाये। अध्यक्ष डॉ. सिंह ने जिला प्रशासन को मानवीय अधिकारों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने को कहा है। इसके साथ ही इंदौर के आयोग मित्रों के अनुरोध पर अध्यक्ष डॉ. सिंह ने मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के शिकायत प्रकोष्ठ इंदौर कार्यालय के रिनोवेशन (नवीनीकरण) के निर्देश भी दिए, ताकि शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन सके। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने पीडब्ल्यूडी के माध्यम से मरम्मत के लिए आश्वस्त किया।

डॉ. सिंह ने चर्चा में अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी कार्य मानव अधिकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए किए जाएं तथा लंबित शिकायतों का शीघ्र और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा के साथ डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रियंका चौरसिया, आयोग मित्र डॉ. दीपक शर्मा, रवि अत्रेलिया, पराग अग्रवाल (आयोग मित्र) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रारंभ में कलेक्टर वर्मा द्वारा मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया।

### कलेक्टर-कमिश्नर को बुलाया

# मंत्री ने मांगा 700 करोड़ के विकास कार्यों का हिसाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। रेसीडेंसी कोठी पर आयोजित इस बैठक में मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर में निर्माणाधीन किसी भी प्रोजेक्ट की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि निर्माण कार्यों में उच्च मानकों का पालन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए।**

इस बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे विकास कार्य रहे। मंत्री सिलावट ने इंदौर



संभाग के कमिश्नर और आईडीए अध्यक्ष डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और आईडीए सीईओ परीक्षित झाड़े की मौजूदगी में कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। बैठक के दौरान सांवेर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे 15 प्रमुख विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी पेश की गई, जिनका निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। मंत्री ने कान्ह नदी पर 26 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे हाई लेवल रिवर ब्रिज की गुणवत्ता जांच के लिए स्वयं निरीक्षण करने की बात कही। इसके साथ ही, कैलोद हाला में प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के टेंडर की प्रक्रिया को गति देने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रमुख सचिव से चर्चा करने के निर्देश दिए। एमआर-11 रोड के निर्माण के संबंध में उन्होंने कहा कि प्रभावित नागरिकों की उनकी सहमति से वैकल्पिक निवास या किराए के घर उपलब्ध कराकर कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

### अप्रैल तक पूरे करें काम

बैठक में लसूड़ियामोरी और मायाखेड़ी क्षेत्र की 286 करोड़ रुपये की लागत वाली 6 मास्टर प्लान सड़कों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो कार्य 80 प्रतिशत से अधिक पूरे हो चुके हैं, उन्हें हर हाल में अप्रैल माह तक पूर्ण कर लिया जाए। इसमें लवकुश फ्लाईओवर की सर्विस रोड और तुलसी नगर की मुख्य सड़क का काम प्रमुखता से शामिल है।

## समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग पर जनहित पार्टी का धरना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** किसानों को फसलों का लाभकारी समर्थन मूल्य दिलाने की मांग को लेकर जनहित पार्टी ने 27 से 29 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय धरना देने की घोषणा की है। पार्टी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट चौराहा, इंदौर में धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं 27 मार्च को शाम 5 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

जनहित पार्टी के कार्यकर्ता पिछले 15 दिनों से इंदौर की अनाज मंडी में किसानों के समर्थन में जनजागरण अभियान चला रहे हैं। पार्टी का आरोप है कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2700, धान का 3100 और सोयाबीन का 6000 देने का वादा किया था, लेकिन जमीनी स्तर पर किसानों को इससे कम दाम मिल रहे हैं। वर्तमान में गेहूं का अधिकतम समर्थन मूल्य 2625, धान का 2409 और सोयाबीन का 5328 प्रति क्विंटल मिल रहा है। पार्टी ने आंकड़ों के माध्यम से असमानता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 30 वर्ष पहले कलेक्टर का वेतन 4000 था जो अब लगभग 2 लाख हो चुका है, जबकि सांसद का वेतन 4000 से बढ़कर 3 लाख तक पहुंच गया है। इसके विपरीत गेहूं का भाव 380 प्रति क्विंटल से बढ़कर केवल 2625 तक ही पहुंच पाया है।

### राजस्व टीम की बड़ी कार्रवाई

# डायवर्सन राशि बकाया होने पर स्नेह जी फार्म हाउस को किया गया सील



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार एवं एसडीएम के आदेश पर ग्राम टिगरियाराव, कनाडिया स्थित स्नेह जी फार्म हाउस पर राजस्व अमले द्वारा कार्रवाई करते हुए परिसर को सील किया गया।**

भूमि स्वामी हिमालय गृह निर्माण सहकारी संस्था, तरफे विजय कुमार पिता मोहनलाल लुंकड पर डायवर्सन राशि के रूप में 13 लाख 76 हजार 600 रुपए की बकाया राशि लंबित थी। उक्त प्रकरण में संबंधित को कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद राशि जमा नहीं कराई गई। इसके फलस्वरूप आज राजस्व टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्नेह जी फार्म हाउस को सील किया गया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सुश्री संगीता और सुश्री पूजा रघुवंशी, राजस्व निरीक्षक तेज सिंह एवं विशाल शर्मा, पटवारी योगेश भार्गव, मोहित पांचाल, लोकेश बेतवा, यश तथा हरीश शर्मा उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय देयों का समय पर भुगतान नहीं करने पर इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## हेल्थ कैम्प एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा नेशनल ट्रस्ट ऑफ इंडिया की लोकल लेवल कमेटी एवं सिन्ड्रोम फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में, इंदौर एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से डाउन सिंड्रोम से ग्रसित बच्चों हेतु हेल्थ कैम्प, पालकगणों से चर्चा तथा समस्या/निदान संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी), परदेशीपुरा, इंदौर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय पवन चौहान, डॉ. शिल्पा भालेराव, डॉ. अनुराधा जैन, डॉ. संजय सिलावट तथा डीडीआरसी की प्रशासकीय अधिकारी श्रीमती विजिया सिंघार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित हेल्थ कैम्प में 22 डाउन सिंड्रोम से ग्रसित बच्चों तथा 23 अन्य दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए गए।

### कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई

# निजी अस्पताल की सीटी स्कैन एवं सोनोग्राफी मशीन सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को लेकर जिला प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक निजी अस्पताल की सीटी स्कैन एवं सोनोग्राफी मशीन को सील कर दिया गया।**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि दयाल बाग कॉलोनी खण्डवा रोड स्थित इंदौर ट्रामा सेन्टर प्रायवेट लिमिटेड का टीम बनाकर निरीक्षण करवाया गया। जिसमें पाया गया कि अस्पताल में पाँच से अधिक अपंजीकृत चिकित्सक सोनोग्राफी/ईको सम्बन्धी कार्य कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान एक सिटी स्कैन मशीन संचालित पायी गयी गयी, जो कि अपंजीकृत थी। निरीक्षण टीप के आधार पर सम्बन्धित अस्पताल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा के निर्देशानुसार 26 मार्च 2026 को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. निर्मला अखण्ड के साथ पीसीपीएनडीटी दल मौके पर भेजकर इन्दौर ट्रामा सेन्टर प्रायवेट लिमिटेड अस्पताल में स्थित सोनोग्राफी मशीन एवं सिटी स्केन मशीन तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए सीलबन्द की गयी एवं पीसीपीएनडीटी प्रमाण पत्र नवीनीकरण पर रोक लगायी गयी एवं टीम द्वारा पंचनामा बनाकर कार्यवाही की गयी। कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा समस्त अपंजीकृत चिकित्सक – डॉ. सुयश सक्सेना, डॉ. शैलेन्द्र पटेल, डॉ. राजेश करंजिया, डॉ. रावेश गुर्जर, डॉ. प्राची बाथम एवं अन्य को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# रिहेब सेंटर के संचालक ने की मारपीट

### पड़ोसी दंपति ने कराई एफआईआर

इंदौर। लसूडिया क्षेत्र में एक रिहेब सेंटर संचालक द्वारा पड़ोसी दंपति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फोनिक्स टाउनशिप निवासी दिनेश सिंह ठाकुर की शिकायत पर प्रदीप मुखर्जी के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दिनेश ने बताया कि वह निजी नौकरी करते हैं और उनके घर के पास ही आरोपी रिहेब सेंटर संचालित करता है, जहां से आए दिन विवाद और परेशानियां होती रहती हैं। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी टाउनशिप के रहवासियों ने आरोपी की गतिविधियों को लेकर शिकायत की थी, जिससे वह नाराज था। बुधवार रात जब दिनेश घर से बाहर निकले, तो प्रदीप ने उन्हें रोककर विवाद शुरू किया और मारपीट कर दी। इस दौरान दिनेश की पत्नी रानू बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की। आरोप है कि प्रदीप डंडा लेकर कॉलोनी में दंपति के पीछे दौड़ा और पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। घटना के बाद रहवासियों को जानकारी दी गई और फिर पीड़ित दंपति ने थाने पहुंचकर आरोपी और उसके एक साथी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# पिता-पुत्र ने पड़ोसियों पर चढ़ा दी कार

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कार से कुचलकर मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में पेंटहाउस किराए पर देने के विवाद में एक शख्स ने कार से एक महिला को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक महिला का नाम शंपा पाठक पांडे है। वह इंफोसिस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं। 13 मार्च को दो बच्चों और पति के साथ अपने फ्लैट में शिफ्ट हुई थीं।**



घटना बुधवार रात 10.30 बजे लसूड़िया थाना क्षेत्र के एमआर-11 स्थित शिव वाटिका टाउनशिप की है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी शख्स और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, टाउनशिप की सागरश्री एन्क्लेव बिल्डिंग में कुलदीप चौधरी ने अपना पेंटहाउस Airbnb को किराए पर दे रखा है। यहां रोज नए लोग आते थे। इस बात को लेकर रहवासियों की आपत्ति थी। कल रात रहवासियों ने उनके फ्लैट की लाइट बंद कर दी थी। यह देखकर कुलदीप चौधरी नीचे आए। उन्होंने रहवासियों के फ्लैट की लाइट बंद कर दी। इस बात को लेकर मारपीट हुई। इसके बाद बेटा मोहित चौधरी कार लेकर आया। पहले वहां रहने वाली महिला कर्मचारी और फिर शंपा पांडे को टक्कर मार दी। शंपा को बॉम्बे हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। जहां उनकी मौत हो गई। पूरी वारदात बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने बिल्डिंग में लगा DVR जब्त कर ली है। Airbnb के जरिये यहां कौन-कौन लोग आते थे, इसकी जांच की जाएगी। अयोध्या (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले सौरभ पांडे ने बताया कि बुधवार रात को बिल्डिंग के नीचे शोर हो रहा था। यह सुनकर हम नीचे गए। कुछ देर में मारपीट होने लगी। इस बीच पेंटहाउस के मालिक का बेटा 60-70 की स्पीड में कार लाया। पहले एक महिला कर्मचारी को घायल किया। फिर मेरी तरफ बढ़ा। मैं जैसे-तैसे बचा, लेकिन उसने मेरी पत्नी शंपा को चपेट में ले लिया। पहले पत्नी को बोनट लगा, लेकिन उसने कार नहीं रोकी। सीधे दीवार में जाकर टक्कर मार दी। पत्नी के सिर में बहुत ज्यादा चोट लगी। वह नीचे गिर गई। इसके बाद उसने कार चढ़ा दी। वह चाहता तो कार रोक सकता था। सौरभ के मुताबिक, यहां हमने फ्लैट खरीदा था। कुछ दिनों पहले ही शिफ्ट हुए। परिवार में 2 बच्चे और माता-पिता हैं। 7 साल का बेटा श्रेयांश तीसरी और 10 साल का बेटा श्रेष्ठ पांचवीं में पढ़ता है। हम तीन-चार साल पहले ही इंदौर आए हैं। पहले हम स्कीम 114 में रहते थे। इस बिल्डिंग में पेंटहाउस कभी प्लान में नहीं था। हमने जब फ्लैट खरीदा था, तब हमें भी सूचना नहीं दी गई। बाद में पता चला कि यहां पेंटहाउस है, उसे Airbnb को दे रखा है। रात 2.30 बजे तक लड़के-लड़कियां आते हैं। पहले भी इसे लेकर रहवासियों ने आपत्ति ली थी। शनिवार-रविवार को मीटिंग हुई थी, जिसमें काफी बहस हुई थी। घायल रानू रावल ने बताया कि कुलदीप के बेटे ने गाड़ी स्टार्ट की और फिर कुचल दिया। मुझे भी पीठ पर चोट आई है। पुलिस रात में आई थी, लेकिन बयान नहीं लिया गया। मेडिकल भी नहीं हुआ है। शिकायत दर्ज कर ली गई है। गर्दन घुमाने में दिक्कत हो रही है। सांस लेने में भी तकलीफ है। किरण सिंह पनवार ने बताया कि जिनका पेंटहाउस है, वे आए हुए थे। उनके गेस्ट आने वाले थे। इस दौरान हम लोग खड़े थे, तभी वे लोग लड़ाई करने लगे। पेंटहाउस में लड़के-लड़कियां आती हैं, जिससे लोगों को दिक्कत होती है। इसी का हम लोग विरोध कर रहे थे। जब तक पुलिस आई, तब तक सब कुछ हो चुका था। हम समस्या का समाधान करने की बात कर रहे थे, लेकिन आरोपी ने गाड़ी चढ़ा दी। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि राहुल सिंह ने बताया कि सातवें फ्लोर पर कुलदीप चौधरी पेंटहाउस चलाते हैं। वे अपनी पत्नी और बच्चे के साथ आए थे। इसके बाद उन्होंने अपने एक बेटे को फोन किया और कहा, "बेटा, तुम यहां आ जाओ, आज इनको निपटाना है। इस दौरान बाप-बेटे दोनों अकड़ रहे थे। सोसाइटी के लोगों को धमका रहे थे। इसके बाद गाड़ी चढ़ा दी और गाड़ी लेकर भाग गया। शिव वाटिका टाउनशिप सोसाइटी अध्यक्ष गौरव नाइक ने बताया कि यहां तीन हजार लोग रहते हैं। पेंटहाउस अवैध है। अधिकांश लोग एक माह पहले ही रहने आए हैं। बिल्डर से डेवलपमेंट इश्यू चल रहा है। हमें किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी गई, लेकिन वे ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# गाड़ी चलाते हुए मोबाइल चलाया तो होगी कार्रवाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में अब गाड़ी चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करना भारी पड़ सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। शहर के अलग-अलग इलाकों में टीमें तैनात कर दी गई हैं, जो टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर चालकों पर नजर रख रही हैं।**

डीसीपी (ट्रैफिक) राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, बीते दो दिनों में मोबाइल इस्तेमाल करते पकड़े गए 80 वाहन चालकों के चालान बनाए जा चुके हैं। फिलहाल आंकड़ा कम है, लेकिन आने वाले दिनों में अभियान और तेज किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग करते पाए जाने पर 1000 रुपए का चालान किया जाएगा। यह कार्रवाई शहरभर में लगातार जारी रहेगी। डीसीपी ने बताया कि ड्राइविंग के दौरान मोबाइल पर ध्यान देने से सड़क से फोकस हट जाता है, जिससे दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए पुलिस न सिर्फ चालान करेगी, बल्कि लोगों को समझाइश भी देगी। ट्रैफिक पुलिस की सभी टीमों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ-साथ इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करें। आने वाले दिनों में शहर में यह अभियान और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

### 'संकल्प से समाधान' कार्यक्रम में होंगे शामिल

# 29 मार्च को दशहरा मैदान आएंगे सीएम डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 मार्च को इंदौर प्रवास पर रहेंगे। वे जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत दशहरा मैदान में होने वाले बड़े कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।**



कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने गुरुवार को दशहरा मैदान का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंच, बैठक व्यवस्था और अन्य तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गर्मी को ध्यान में रखते हुए आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि 'संकल्प से समाधान' अभियान के इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद करेंगे और उन्हें प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम में सभी शासकीय विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें विभागीय योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। इस आयोजन में बड़ी संख्या में हितग्राही, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है।

### श्री हनुमान लोक के प्रथम चरण का लोकार्पण...रामराज्य की स्थापना के प्रति आस्था का प्रकटीकरण

# राज्य सरकार 'सच्चा वादा और पक्का काम' के ध्येय को साकार करते हुए बढ़ रही है संकल्प से सिद्धि की ओर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पांढुर्णा, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार 'सच्चा वादा और पक्का काम' के ध्येय को साकार करते हुए संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ रही है। उज्जैन में 3 साल पहले बाबा महाकाल का महालोक बना। उसके बाद प्रदेश में प्रमुख तीर्थ स्थलों को धाम के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।**



आज चैत्र नवरात्रि में पांढुर्णा के जामसांवली मंदिर में श्री हनुमान लोक सहित 362 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन अद्भुत अवसर है। उन्होंने जामसांवली श्री हनुमान लोक के दूसरे चरण के विकास कार्यों के लिए घोषणा की तथा बताया कि यहां श्रद्धालुओं के लिए 10 बिस्तर का छोटा अस्पताल भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीराम नवमी के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल से राजा रामचंद्र धाम ओरछा के लिए पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ होगा। श्री हनुमान लोक का लोकार्पण प्रदेश में राम राज्य की स्थापना के प्रति सरकार की आस्था को प्रकट करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पांढुर्णा में स्थित जामसांवली मंदिर में श्री हनुमान लोक के प्रथम चरण के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 111 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण और 251 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत के 33 विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-सहायता समूह की बहनों को ऋण स्वीकृति पत्र और किसानों को पट्टों का वितरण किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पांढुर्णा जिले की पहचान संतरे की डलिया भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश केसाथ मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ रहा है। खाड़ी में युद्ध की स्थिति में प्रधानमंत्री भारत के स्वाभिमान के साथ विदेश नीति पर निर्णय ले रहे हैं। भारत सरकार के संकल्प से ही संकट के समय विदेशों में फंसे हजारों भारतीयों की स्वदेश वापसी संभव हो पाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री हनुमान ने जीवन में बड़ी चुनौतियों का अडिग रहते हुए सामना किया। प्रभु श्रीराम ने संकट के समय जब भी हनुमान जी को याद किया, उन्होंने पल भर में समस्या का समाधान कर दिया। जय बजरंगबली से हमें सीख मिलती है कि जीवन में कभी भी विनम्रता को नहीं छोड़ना चाहिए। साथ ही मन-बुद्धि के साथ अपने शरीर के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। ऊर्जा मंत्री एवं पांढुर्णा जिले के प्रभारी श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पांढुर्णा जिले को कई विकास कार्यों की सौगात दी है। नवगठित जिले में विकास कार्यों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी ने कहा कि श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को श्री हनुमान लोक की अनुपम सौगात मिली है। मंत्री श्री लोधी ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सौंसर विधायक श्री विजय चौरे, पांढुर्णा विधायक श्री नीलेश उइके, पूर्व राज्यमंत्री श्री नाना भाऊ मोहोड़, जामसांवली श्री हनुमान धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित थे।

### केबीसी में जीती थी 50 लाख रुपए

# बाढ़ राहत घोटाले में तहसीलदार अमिता सिंह तोमर गिरफ्तार, केबीसी में जीती थी 50 लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, एजेंसी।** केबीसी में 50 लाख रुपए जीतने वाली तहसीलदार अमिता सिंह बाढ़ राहत घोटाले की आरोपी है। बाढ़ की राहत की राशि वितरण में बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी। अब इस मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। चर्चित तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को गिरफ्तार कर लिया गया है। श्योपुर पुलिस ने तोमर को गुरवार को गिरफ्तार किया है। अमिता सिंह तोमर ग्वालियर में थीं।



बड़ौदा तहसीलदार रहते हुए अमिता सिंह तोमर ने गड़बड़ी की थी। उन्होंने फर्जीवाड़े के लिए पूरा नेटवर्क खड़ा किया था। जांच में यह बात सामने आई थी कि कई अपात्र और काल्पनिक नामों को मुआवजे दिए गए। वहीं, असल में जो पीड़ित थे, वे मुआवजे से वंचित रह गए। इससे सरकारी खजाने को भी बड़ा नुकसान हुआ। मामले की जांच के बाद तहसीलदार अमिता सिंह तोमर के खिलाफ बड़ौदा थाने में ही केस दर्ज है। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज है। अब पार्यप्त साक्ष्य मिले हैं तो पुलिस ने तहसीलदार को गिरफ्तार कर लिया है। अमिता सिंह तोमर श्योपुर जिले के विजयपुर में तहसीलदार पद पर तैनात थीं। बताया जा रहा है कि उन्हें एक दिन पहले ही पद से हटाया था। इसके बाद ग्वालियर स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें श्योपुर न्यायालय में लाकर पेश करेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। केस दर्ज होने के बाद तहसीलदार ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। दोनों जगह से याचिका खारिज हो गई है। श्योपुर एसपी सुधीर अग्रवाल ने तहसीलदार की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आ सकती है। ऐसे में अटकलें हैं कि अन्य लोगों की

## तत्कालीन सीएमओ पर ईओडब्ल्यू में एफआईआर

**डबरा, एजेंसी।** डबरा नगर पालिका के तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) प्रदीप भदोरिया के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास योजना में एक करोड़ रुपए से अधिक के भ्रष्टाचार के आरोप में गुरुवार को मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पार्षद धर्मेंद्र सिंह 'हैप्पी' की 18 महीने की शिकायत के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) भोपाल में की गई है। प्रदीप भदोरिया वर्तमान में टीकमगढ़ जिले की लिधोरा खास नगर परिषद में पदस्थ हैं। वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद धर्मेंद्र सिंह 'हैप्पी' ने ईओडब्ल्यू ग्वालियर को शिकायत दी थी। आरोप है कि तत्कालीन सीएमओ प्रदीप भदोरिया ने 1 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2024 के बीच पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को सरकार द्वारा निर्धारित 2.50 लाख रुपए के बजाय सांठगांठ कर 3 लाख रुपए का भुगतान कराया।

## शोभायात्रा पर मुस्लिमों ने बरसाए फूल

**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन में गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर रघुवंशी समाज ने भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया और सुबह 9 बजे पहाड़सिंहपुरा से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा पर मुस्लिम समाज सहित अन्य समुदायों के लोगों ने पुष्प वर्षा कर सांप्रदायिक सौहार्द का परिचय दिया। दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, शुक्रवार दोपहर 2 बजे श्रीराम जन्मोत्सव समिति रक्षक समिति द्वारा 15 झांकियों के साथ एक और जुलूस निकाला जाएगा, जिसके लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

## पति-पत्नी के बीच बने अप्राकृतिक संबंध पर धारा 377 लागू नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ के न्यायमूर्ति मिलिंद रमेश फड़के ने एक फैसले में कहा कि पति-पत्नी के बीच अप्राकृतिक संबंध पर धारा 377 प्रभावी नहीं होगी। कोर्ट ने धारा 377 को खत्म करने का आदेश दिया, जबकि दहेज प्रताड़ना व अन्य आरोपों में केस जारी रहेगा।**



जानकारी के अनुसार भिंड जिले की एक महिला की शादी हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के समय उसके परिवार ने अपनी क्षमता के अनुसार करीब चार लाख रुपये नकद, सोने के आभूषण और घरेलू सामान दिया। इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और छह लाख रुपये तथा मोटरसाइकिल की मांग करने लगा। महिला का आरोप है कि इन मांगों को लेकर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि पति ने उसके साथ जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए। ससुर ने लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की धमकी दी। बाद में उसे घर से निकालकर मायके में छोड़ दिया गया। कोर्ट ने कहा कि शादी के बाद पति-पत्नी के बीच बने यौन संबंधों पर धारा 377 लागू नहीं होती। 2013 के संशोधन के बाद ऐसे मामलों को धारा 375 (दुष्कर्म) के तहत देखा जाता है, जिसमें पति-पत्नी के संबंधों को लेकर एक कानूनी अपवाद भी है। इसी आधार पर पति के खिलाफ धारा 377 का आरोप भी खत्म कर दिया गया। हालांकि, अन्य आपराधिक धाराओं के तहत मामले की सुनवाई जारी रहेगी।

# रामनवमी पर भोपाल में 2500 भंडारे

### उज्जैन में ध्वज यात्रा, जबलपुर-ग्वालियर में विशेष पूजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** रामनवमी के अवसर पर प्रदेश में जगह-जगह आयोजनों की तैयारी की गई है। राजधानी भोपाल में सैकड़ों स्थानों पर भंडारे, मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भव्य शोभायात्राएं निकाली जाएंगी।

जबलपुर में नर्मदा तट गौरीघाट पर सांस्कृतिक 'आविर्भाव समारोह' के जरिए रामकथा और लोकभक्ति की प्रस्तुति होगी। वहीं ग्वालियर में विभिन्न मंदिरों में सुबह से पूजा-अर्चना, भंडारे और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच रामनवमी उत्सव पूरे प्रदेश में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

वहीं एक दिन पहले महाअष्टमी पर प्रदेश भर में आस्था और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। उज्जैन में परंपरागत नगर पूजा के साथ भव्य आयोजन हुआ, जिसमें संत-महंत शामिल हुए। वहीं नलखेड़ा, मैहर और बागेश्वर धाम समेत



प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कन्या पूजन, हवन और भंडारे जैसे धार्मिक आयोजन पूरे दिन चलते रहे। प्रदेश के मंदिरों में भक्तों ने दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

राजधानी भोपाल में रामनवमी को लेकर व्यापक तैयारियां चल रही हैं। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के मुताबिक, इस बार शहरभर में राम जन्मोत्सव बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। भोपाल के न्यू मार्केट, पुराने शहर के प्रमुख राम मंदिरों सहित जहां-जहां भगवान राम के मंदिर हैं, वहां विशेष पूजा-अर्चना और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राम जन्म का मुख्य आयोजन दोपहर 12 बजे होगा। इस दौरान मंदिरों में भगवान को भोग लगाया जाएगा, आरती की जाएगी और श्रद्धालु जन्मोत्सव का उत्सव मनाएंगे। न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति मंदिर, अटल पथ क्षेत्र के मंदिर और पुराने भोपाल के सब्जी मंडी क्षेत्र के प्रतिष्ठित राम मंदिर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

शहर में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ भंडारों का भी बड़े स्तर पर आयोजन होगा। समिति के अनुसार, भोपाल में करीब 2500 से 3000 स्थानों पर भंडारे आयोजित किए जाएंगे, जहां श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**उज्जैन में यज्ञ अनुष्ठान के साथ महाआरती-** उज्जैन में राम नवमी पर शिप्रा नदी के पास राम मंदिर में यज्ञ अनुष्ठान के साथ 12 बजे महाआरती होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त आरती में शामिल होंगे, साथ ही प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी पर्व पर ऐतिहासिक वीरभद्र ध्वज चल समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह ध्वज चल समारोह महाकाल इंटरनेशनल चौराहे से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए रात्रि 9:30 बजे गोपाल मंदिर पहुंचेगा।

**जबलपुर में आविर्भाव समारोह-** जबलपुर में रामनवमी के अवसर पर 27 मार्च को मां नर्मदा तट गौरीघाट पर 'आविर्भाव समारोह' का आयोजन किया जाएगा। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित यह सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से शुरू होगा। समारोह की शुरुआत नरसिंहपुर के लोकगायक सुमित दुबे और उनके साथियों के लोक-भक्ति गायन से होगी। इसमें बुंदेली लोकधारा के माध्यम से भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

## संपादकीय

### यूएनएससी और शांति मिशन पर जयशंकर का कड़ा रुख

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक सप्लाई चेन पर बढ़ते दबाव के बीच फ्रांस में आयोजित जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत आवाज बुलंद की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बदलते भू-राजनीतिक हालात का जिक्र करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार, शांति अभियानों को अधिक प्रभावी बनाने और मानवीय सहायता व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया, साथ ही ग्लोबल साउथ के सामने खड़ी ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों को प्रमुखता से उठाया। बैठक के बाद विदेश मंत्री ने बताया कि भारत ने जी-7 की बैठक में ग्लोबल साउथ से जुड़े अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इसमें ऊर्जा संकट, उर्वरक की आपूर्ति और खाद्य सुरक्षा जैसी चुनौतियां शामिल रहीं। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'वैश्विक शासन में सुधार पर आमंत्रित साझेदारों के साथ जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक के सत्र में भाषण दिया। UNSC में सुधारों, शांतिरक्षा अभियानों को सुव्यवस्थित करने और मानवीय सहायता आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत पर प्रकाश डाला।' उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'खास कर वैश्विक दक्षिण की ऊर्जा चुनौतियों, उर्वरक आपूर्ति और खाद्य सुरक्षा संबंधी चिंताओं को उठाया गया।' G7 बैठक के दूसरे सत्र में विदेश मंत्री ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर (IMEC) पर भारत के विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों से पैदा अनिश्चितताओं ने मजबूत और भरोसेमंद व्यापार मार्गों तथा सप्लाई चेन की जरूरत को और बढ़ा दिया है। जयशंकर ने बैठक में कहा, यूरोपीय संघ, ईएफटीए सदस्यों और ब्रिटेन के साथ भारत के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) ने IMEC की उपयोगिता को बढ़ाया है। उन्होंने कहा, इस महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी पहल को साकार करने के लिए मिले व्यापक समर्थन और उत्साह की हम सराहना करते हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आवाजाही होती है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है। पिछले कुछ सप्ताह में भारत ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त कराने और होर्मुज जलडमरूमध्य से ऊर्जा आपूर्ति का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने पर केंद्रित कूटनीतिक प्रयास किए हैं।

## महिला जगत

# महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी! सरकार दे रही है इन योजनाओं के जरिए मदद



भारत में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सरकार समय-समय पर कई योजनाएं शुरू करती रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाना है। आज भी देश की कई महिलाएं इन योजनाओं की जानकारी के अभाव में उनका लाभ नहीं उठा पातीं।

यदि महिलाओं को इन सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिल जाए, तो वे न केवल अपनी जिंदगी बेहतर बना सकती हैं बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर सकती हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई ये योजनाएं महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती हैं। जरूरत है तो सिर्फ सही जानकारी और इन योजनाओं का लाभ उठाने की। यदि महिलाएं इन योजनाओं से जुड़ती हैं, तो वे न केवल आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं बल्कि समाज में अपनी अलग पहचान भी बना सकती हैं। आइए जानते हैं ऐसी 5 महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के बारे में जो महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना

यह योजना गरीब परिवारों की महिलाओं को धुएं से होने वाली समस्याओं से बचाने के लिए शुरू की गई है। यह योजना खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए काफी लाभदायक साबित हुई है।

1. महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जाता है
2. लकड़ी और कोयले के चूल्हे से मुक्ति
3. स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना

इस योजना का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा और सुरक्षा प्रदान करना है। यह योजना देश में बेटियों के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



1. लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा
2. समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच
3. बालिका शिक्षा के लिए जागरूकता अभियान

### सुकन्या समृद्धि योजना

यह योजना बेटियों के भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाने के लिए शुरू की गई है। इस योजना में निवेश करके माता-पिता अपनी बेटी के भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं।

1. बेटियों के नाम से बचत खाता खोला जाता है
2. उच्च ब्याज दर का लाभ
3. पढ़ाई और शादी के लिए आर्थिक सहायता

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

यह योजना गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए शुरू की गई है। यह योजना मातृत्व के दौरान महिलाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान करती है।

1. गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता
2. मां और बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार
3. पोषण और देखभाल के लिए सहायता राशि

### महिला शक्ति केंद्र योजना

इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यह योजना महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद करती है।

1. महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण
2. रोजगार और स्वरोजगार के अवसर
3. महिलाओं की सामाजिक भागीदारी बढ़ाना

New Delhi

# क्या देश में लगने वाला है लॉकडाउन? आ गई सरकार की सफाई, जानें हरदीप पुरी ने क्या कहा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच छिड़े युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर पड़ने लगा है. होर्मुज की खाड़ी में तेल के जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है, जिसकी वजह से दुनियाभर में तेल और गैस की किल्लत बढ़ती जा रही है. भारत भी इससे अछूता नहीं है. देश के कई हिस्सों में पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लग गई हैं और एलपीजी यानी रसोई गैस की कमी की भी खबरें आ रही हैं. इसी माहौल में सोशल मीडिया पर एक बड़ी अफवाह फैल गई कि सरकार कोरोना जैसा देशव्यापी लॉकडाउन लगाने वाली है. इन अफवाहों से लोगों में डर और बेचैनी और



बढ़ गई. लेकिन अब केंद्र सरकार ने इन सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने शुक्रवार को साफ कहा कि लॉकडाउन की खबरें पूरी तरह झूठी हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि सरकार ऐसा कोई कदम उठाने पर विचार भी नहीं कर रही. उन्होंने लोगों से अपील की कि इस मुश्किल वक्त में शांत रहें, जिम्मेदारी दिखाएं और एकजुट रहें. संसद भवन में मीडिया से बात करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने भी यही बात दोहराई. उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की खबरें पूरी तरह भ्रामक हैं और लोगों को इन पर ध्यान नहीं देना चाहिए. उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने हाल ही में एक्साइज ड्यूटी घटाई है ताकि आम जनता पर बढ़ते दाम का बोझ कम किया जा सके.

New Delhi

# ऊर्जा संकट के बीच सरकार का बड़ा फैसला, पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर 3 किया, डीजल पर शून्य




नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उसके कारण उपजे ऊर्जा संकट के बीच सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दरअसल वित्त मंत्रालय द्वारा 26 मार्च को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल पर 10 रुपये एक्साइज ड्यूटी घटाने का फैसला किया है। सरकार के इस कदम के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी, जो पहले 13 रुपये थी, वो अब घटकर 3 रुपये रह गई है और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी, जो पहले 10 रुपये थी, वो अब शून्य हो गई है।

यह कदम पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों से जूझ रही तेल विपणन कंपनियों, एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी, को राहत देने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि सरकार ने इस संकट के बावजूद अभी तक पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखे हैं, जिससे देश में ईंधन विपणन कंपनियां दबाव में थीं।

रेटिंग एजेंसी ICRA ने गुरुवार को जारी नोट में कहा कि यदि कच्चे तेल का औसत मूल्य 100-105 डॉलर प्रति बैरल तक रहता है, तो ईंधन कंपनियों को पेट्रोल पर 11 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 14 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान हो सकता है।

New Delhi

# भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को मिले चंदे में 161% की बढ़ोतरी हुई है। BJP को सभी राष्ट्रीय दलों को मिलाकर मिले कुल चंदे से भी 10 गुना ज्यादा पैसा मिला है।**

रिपोर्ट के मुताबिक, 20 हजार रुपए से ज्यादा के कुल चंदे की राशि 6,648.563 करोड़ रुपए रही, जो 11,343 दान से मिली। इसमें अकेले BJP को 6,074.015 करोड़ रुपए (5,522 दान) मिले। इसके बाद कांग्रेस को 517.394 करोड़ रुपए (2,501 दान) मिले। BJP को मिला चंदा कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (AAP), CPI(M) और नेशनल पीपल्स पार्टी (NPEP) इन सभी के कुल चंदे से 10 गुना से ज्यादा रहा। वहीं, बहुजन समाज पार्टी (BSP) ने बताया कि उसे 20 हजार रुपए से ज्यादा का कोई चंदा नहीं मिला, जैसा कि वह पिछले 19 सालों से कहती आ रही है।

Uttarpradesh

# प्रेस से सिर पर वार कर पत्नी को मार डाला, रात भर बगल के कमरे में सोया, फिर सुबह उठकर किया ऐसा काम

**प्रयागराज, (एजेंसी) यूपी के प्रयागराज के झूंसी थाना क्षेत्र स्थित कनिहार वार्ड के चमनगंज इलाके में बुधवार रात पारिवारिक विवाद में पति हेमंत कुमार वर्मा ने पत्नी स्वीटा (40) के सिर पर लोहे की प्रेस से वार कर हत्या कर दी। रात भर बगल के कमरे में सोता रहा।**

बृहस्पतिवार सुबह खुद आरोपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर सूचना दी कि उसने अपनी पत्नी को मार डाला है, उसे गिरफ्तार कर लिया जाए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहपुर का मूल निवासी 42 वर्षीय हेमंत वर्मा तीन दशक से चमनगंज इलाके में परिवार के साथ रह रहा था। उसकी आवास विकास कॉलोनी योजना-तीन स्थित बिजली उपकेंद्र के पास बैग रिपेयरिंग की दुकान है। यहां वह अपनी मां मुन्नी देवी के साथ बैठता था। हेमंत का विवाह 12 नवंबर 2021 को पंजाब के गुरुदासपुर शहर के मॉडल टाउन धारीवाल निवासी बशीर मसीह की बेटी स्वीटा से हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद से ही दोनों में अनबन शुरू हो गई। इससे परेशान होकर आरोपी की मां मुन्नी देवी और बहन गौरी मकान की दूसरी मंजिल पर अलग रहने लगीं। इनकी रसोई भी ऊपर ही थी, जबकि हेमंत पत्नी स्वीटा और तीन साल की बेटी एस्टर्ड वर्मा के साथ मकान के निचले हिस्से में रहता था। पुलिस के मुताबिक, देर रात दंपती में विवाद हुआ।

खेल

# बीसीसीआई ने जारी किया आईपीएल के दूसरे चरण का कार्यक्रम, 24 मई तक होंगे लीग मैच

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2026 के दूसरे चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। हालांकि, बोर्ड ने फिलहाल प्लेऑफ और फाइनल मैच की तारीख और स्थल का एलान नहीं किया है। लेकिन समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, खिताबी मुकाबला 31 मई को बंगलूरू में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने 70 लीग मैचों का कार्यक्रम घोषित किया है जो 24 मई तक चलेगा। आईपीएल के 19वें सीजन की शुरुआत 28 मार्च से होगी। बोर्ड ने पहले 20 मैचों का कार्यक्रम घोषित किया था और अब दूसरे चरण में बीसीसीआई ने लीग चरण के शेष 50 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है।

**क्यों दो भाग में आया कार्यक्रम?-** आईपीएल 2026 का कार्यक्रम दो भागों में जारी किया गया है। पहले 20 मैचों का शेड्यूल जारी हुआ था और अब लीग चरण के शेष 50 मैचों का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसका कारण पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। असम, पुडुचेरी, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव के नतीजे चार मई को जारी होंगे। बीसीसीआई ने इन राज्यों में चुनाव घोषित होने के बाद लीग चरण का पूरा कार्यक्रम घोषित किया है।




**खिताब बचाने उतरेगी आरसीबी-** आरसीबी की टीम इस बार अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। आरसीबी ने 2025 में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार आईपीएल का खिताब जीता था। आरसीबी के लिए राहत की बात यह है कि उसके होम ग्राउंड चिन्नास्वामी स्टेडियम को मुकाबले की मेजबानी करने की मंजूरी मिल गई है। आईपीएल 2026 का उद्घाटन मैच बंगलूरू में ही खेला जाएगा।

**13 शहरों में होंगे मैच-** बीसीसीआई ने पहले 12 अप्रैल तक के मैचों का कार्यक्रम जारी किया था और अब 13 अप्रैल से 24 मई तक का शेड्यूल बता दिया है। दूसरे चरण में 12 वेन्यू पर आईपीएल के मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि आईपीएल 2026 में कुल 13 स्थानों पर मैच होंगे। दूसरे चरण में बंगलूरू, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, धर्मशाला, रायपुर और न्यू चंडीगढ़ में मुकाबले होंगे। पहले चरण में गुवाहाटी भी आईपीएल मैचों की मेजबानी कर रहा है, लेकिन दूसरे चरण में वहां मैच नहीं होंगे।

दूसरे चरण की शुरुआत 13 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हैदराबाद में होने वाले मैच से होगी। वहीं, लीग चरण का अंतिम मैच 24 मई को केकेआर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच कोलकाता में खेला जाएगा।

**धर्मशाला में होंगे तीन मुकाबले-** दूसरे चरण में आठ डबल हेडर मुकाबले होंगे जिसमें दोपहर के मैच भारतीय समयानुसार 3:30 बजे से होंगे, जबकि शाम के मैच 7:30 बजे से खेले जाएंगे। पहले चरण में चार डबल हेडर होने हैं। यानी इस बार कुल 12 डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। पंजाब किंग्स की टीम अपने होम मुकाबले न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला में खेलेगी।

सिनेमा

# करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक हैं धुरंधर के 'रहमान डकैत', लाइमलाइट से छिपाई लग्जरी कार-बंगले



अक्षय खन्ना ने धुरंधर में रहमान डकैत का रोल कर तूफान मचाया था. सेकंड पार्ट में फैंस को उनकी कमी खली. लेकिन क्या आप जानते हैं लाइमलाइट से दूर रहने वाले अक्षय लैविश लाइफ जीते हैं. उनके पास लग्जूरियस प्रॉपर्टी के अलावा महंगी गाडियों का कलेक्शन भी है. क्योंकि अक्षय अपनी पर्सनल लाइफ को काफी सीक्रेट रखते हैं, इसलिए फैंस को उनकी लैविश लाइफस्टाइल के दीदार नहीं होते हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर की नेटवर्थ 167 करोड़ बताई जाती है. वो ओल्ड स्कूल अप्रोच में जीते हैं. इंस्टा पर नहीं हैं. इसलिए उनके आलीशान घरों-कारों की लोगों को झलक देखने को नहीं मिलती है. अक्षय का मुंबई के रिहायशी इलाकों में घर है. जुहू, मालाबार हिल्स और तारदेव में अक्षय की प्रॉपर्टीज हैं. जानकारी के मुताबिक, उनका रियल एस्टेट पोर्टफोलियो 100 करोड़ से ज्यादा का है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर का जुहू में 35 करोड़ रुपये का सी-फेसिंग अपार्टमेंट है. मालाबार हिल्स में 60 करोड़ की प्रीमियम प्रॉपर्टी है. वो रियल एस्टेट में काफी इंवेस्ट करते हैं. अक्षय का अलीबाग में भी करोड़ों का फार्महाउस है. धुरंधर की सक्सेस के बाद उन्होंने वहां पर 'वास्तु शांति हवन' रखा था. पूजा की तस्वीरें इंस्टा पर वायरल हुई थीं.

## Highlights

1. 'Police will conduct UP-style encounters in WB', says BJP's Ghosh; TMC reacts
2. 'India, China can't be moved apart,' says China's envoy to India in dig at US
3. Iran writes 'Thank you people of India' on missiles before attack on Israel; pic surfaces
4. Liquor to now be sold at petrol pumps and malls in Chandigarh
5. LPG vessel Jag Vasant reaches India after crossing Strait of Hormuz

# India cuts excise duty on petrol, diesel to shield refiners from crude oil shocks

**NEW DEIHI, (Agency).** India has eliminated key excise duty on petrol and diesel prices in India to shield refiners led by Indian Oil Corp. Ltd. from crude oil shocks emanating from the ongoing Iran war in West Asia. There is no change in prices at the pump.

In a series of late-night notifications, the Ministry of Finance announced that the special additional excise duty and additional excise duty on petrol have been cut to "nil". For diesel, the government set the special additional excise duty at ₹18.5/litre and the additional excise duty at ₹3/litre.

These measures, effective immediately, arrive as Brent crude remains volatile near $100 a barrel, having recently touched peaks of $119 following military strikes on Iranian infrastructure. India, which imports ~88% of its crude oil, is seen as most vulnerable to the crisis in West Asia.



The effective closure of the Strait of Hormuz—a chokepoint for one-fifth of global oil consumption—has seen daily transits drop from 120 vessels to just a handful, leaving nearly 20 million barrels per day at risk.

However, India's oil marketing companies—Indian Oil, Bharat Petroleum and Hindustan Petroleum—have absorbed the pain, maintaining a freeze on petrol and diesel prices to keep inflation in check. They are estimated to be taking on losses of up to ₹50 per litre on diesel and ₹20 per litre on petrol.

Now, with the excise duty cut on petrol and diesel prices, the government has stepped in to shoulder the loss burden of its oil companies.

According to government gazette, the revised rates for special additional excise duty and additional excise duty are as follows:

Motor Spirit (Petrol): The Special Additional Excise Duty is reduced to "Nil" (from any previous rate). The Additional Duty of Excise is also set to "Nil".

Total effective cut: While the document does not explicitly state the previous total rate, it completely removes these two specific duty components for petrol.

# Government cuts excise duty on fuel, raises export costs amid West Asia crisis

**NEW DEIHI, (Agency).** The Union government has reduced excise duty on domestic petrol and diesel by ₹10 per litre each to protect consumers from rising international oil prices, finance minister Nirmala Sitharaman said on Friday.

The duty cuts will reduce oil companies' losses on auto fuels without any reduction in pump prices of petrol and diesel.

The government has also imposed duties on exports of diesel by ₹21.5 per litre and aviation turbine fuel (ATF) by ₹29.5 a litre to ensure vital fuel products are domestic available




in view of the West Asia crisis that has witnessed disruptions in global energy supplies, the finance minister said.

"In view of the West Asia crisis, the central excise duty on petrol and diesel for domestic consumption has been reduced by ₹10 per litre each. This will provide protection to consumers from rising prices. Hon. PM @ narendramodi has always ensured that citizens are protected from vagaries of supply and costs of essential goods," Sitharaman said in a post on X.

Further, duties have been imposed on exports of diesel at ₹21.5 per litre and on ATF at ₹29.5 per litre, she said.

"This will ensure adequate availability of these products for domestic consumption. The Parliament has been notified about the same," she added.

Benchmark crude oil soared about 48.22% to $108.01 a barrel on Thursday close from $72.87 before the start of the war in West Asia on February 28.

# इंदौर अग्निकांड-हर्षित ने कबूला उसने लगाई थी चार्जिंग पर कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ब्रजेश्वरी एनएक्स में कारोबारी मनोज पुगलिया के घर हुए भीषण अग्निकांड को लेकर पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। तिलक नगर पुलिस द्वारा दर्ज किए गए बयानों में सामने आया है कि हादसे के वक्त इलेक्ट्रिक कार (ईवी) चार्जिंग पर लगी हुई थी।**



इस मामले में पहले ईवी चार्जिंग से इनकार करने वाले परिवार के बयान अब बदल गए हैं, जिससे आग लगने की वजह को लेकर स्थिति साफ होती नजर आ रही है। पुलिस अब मृतक मनोज पुगलिया की पत्नी सहित करीब 20 अन्य लोगों के बयान दर्ज करेगी। टीआई मनीष लोधा ने बताया कि परिजनों ने पहले आग बुझाने की कोशिश की थी। आग बेकाबू हुई तो सभी बचने के लिए बाहर की ओर भागने लगे। लेकिन केवल चार लोग ही बाहर निकल सके, बाकी लोग अंदर ही रह गए थे। परिवार ने बयान में बताया कि कार भी चार्जिंग पर लगी हुई थी। परिवार के बीच चर्चा होने के बाद हमें बताया गया कि सौरभ के छोटे भाई हर्षित ने अपनी ईवी दोबारा चार्जिंग पर लगा दी थी। घटना के समय गाड़ी चार्जिंग पर लगी थी। अभी हमें किसी भी विभाग से कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। बुधवार को तिलक नगर थाना पुलिस ने मृतक मनोज पुगलिया के तीनों बेटों- सौरभ, सौमिल और हर्षित के साथ हर्षित के दोस्तों ऋषभ जादौन और शिवेंद्र के बयान दर्ज किए। करीब 4 घंटे चली पूछताछ में कई अहम तथ्य सामने आए। टीआई मनीष लोधा के मुताबिक, सौरभ और हर्षित ने स्वीकार किया है कि कार चार्जिंग पर लगाई गई थी।

## खेत मे गाय घुसने पर विवाद में गई जान

### किसान की पीट-पीटकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिमरोल थाना क्षेत्र में खेत विवाद ने जानलेवा रूप ले लिया। चोरल गांव में एक किसान की बेरहमी से पिटाई कर दी गई, जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में हत्या की धाराओं में जांच शुरू कर दी है।**

मृतक सूरज (49) पुत्र बद्रीलाल कौशल को बुधवार को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार सुबह करीब 4 बजे उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक 23 मार्च को गांव के ही किसान लालू उर्फ अभिषेक से उनका विवाद हुआ था। सूरज की गाय लालू के खेत में घुस गई थी, जिससे फसल को नुकसान हुआ। इस बात पर दोनों के बीच कहासुनी हुई। सूरज ने नुकसान की भरपाई की बात कही, लेकिन आरोपी ने गुस्से में आकर उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। धक्का लगने से गिरने पर पत्थर लगने से उन्हें गंभीर चोट आई। घटना के बाद घायल सूरज को पहले ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार ने बताया कि सूरज के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा सचिन (22) की शादी करीब 15 दिन बाद तय थी। घटना के दिन वह ससुराल पातालपानी में शादी की रस्म के लिए गया हुआ था। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस घटना के बाद खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हत्या की दिशा में जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## 1 लाख लेकर फरार कर्मचारी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। व्यापारी के यहां काम करने वाले कर्मचारी द्वारा 1 लाख रुपए लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने आरोपी को 9 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पुलिस उपायुक्त द्वारा 8 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अग्रवाल नगर निवासी विकास अग्रवाल ने थाना तिलक नगर में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनका कर्मचारी विवेक वर्मा उर्फ कृष्णा 23 फरवरी को पेमेंट लेने गया था और 1 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। आरोपी जाते समय दुकान के जरूरी कागजात और काले रंग की एक्टिवा (MP09SR7185) भी अपने साथ ले गया था। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान उसकी लोकेशन ट्रेस की गई। पुलिस टीम ने आरोपी को आगर मालवा जिले के नलखेड़ा से गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त द्वारा 8 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक